राम नाम के देना मोती | By Ram Kumar Lakkha

राम नाम के देना मोती
मन में जगाना भक्ति की ज्योति....2
हे अंजनी के लाल, आना जी मेरे अंगना में
राम नाम के देना मोती......

बालाजी ना देर लगाना
चेतराज और वीर को लाना.....2
करना सबको निहाल, आना जी मेरे अंगना में
हे अंजनी के लाल, आना जी मेरे अंगना में.......

जगन तुम्हारा मैंने रचाया
बाला तेरा दरबार सजाया....2
चल के पवन की चाल आना जी मेरे अंगना में
हे अंजनी के लाल, आना जी मेरे अंगना में........

ध्वजा नारियल चोला चढ़ाऊं
श्रद्धा से मैं तुझको मनाऊं.....2
काटो मेरा जंजाल आना जी मेरे अंगना में
हे अंजनी के लाल, आना जी मेरे अंगना में........

बाला तेरे रंग में राचू
तेरी लगन में झूमो नाचू......2
खुद को सकूं ना संभाल, आना जी मेरे अंगना में
हे अंजनी के लाल, आना जी मेरे अंगना में........

राम नाम के देना मोती
मन में जगाना भक्ति की ज्योति....2
हे अंजनी के लाल, आना जी मेरे अंगना में.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%8b%e0%a4%a4%e0%a5%80-by-ram-kumar-lakkha/